भारत निर्वाचन आयोग
निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001
संख्या: ECI/PN/277/2025
दिनांक: 01.08.2025

## प्रेस नोट

मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्तगण डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी ने आज नई दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में त्रिपुरा की आदिवासी जनजातियों की पार्टी इंडिजिनस पीपल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा के प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। यह प्रतिनिधिमंडल पार्टी अध्यक्ष श्री प्रेम कुमार रियांग के नेतृत्व में आया था और आयोग को अपने सुझाव सौंपे।

### पृष्ठभूमि

यह बैठक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्षों से हो रही श्रृंखलाबद्ध बैठकों का हिस्सा है (सूची संलग्न)। इन संवादों का उद्देश्य सकारात्मक चर्चा को प्रोत्साहन देना है, जिससे दलों के अध्यक्ष सीधे आयोग के समक्ष अपने विचार, सुझाव और चिंताएं रख सकें। यह पहल आयोग की उस व्यापक दृष्टि के अनुरूप है, जिसमें सभी हितधारकों की भागीदारी से कानूनी ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाना है।

पिछले 150 दिनों में कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें

40 बैठकें मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (CEO) द्वारा,

800 जिला निर्वाचन अधिकारियों (DEO) द्वारा,

तथा 3,879 बैठकें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ERO) द्वारा आयोजित की गईं।
इन बैठकों में कुल 28,000 से अधिक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ बैठकें

| क्र. | राजनीतिक दल | प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व | बैठक की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | बहुजन समाज पार्टी (BSP) | कुमारी मायावती (अध्यक्ष) | 06 मई 2025 |
| 2 | भारतीय जनता पार्टी (BJP) | श्री जे.पी. नड्डा (अध्यक्ष) | 08 मई 2025 |
| 3 | मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी | श्री एम.ए. बेबी (महासचिव) | 10 मई 2025 |
| 4 | नेशनल पीपुल्स पार्टी (NPP) | श्री कॉनराड संगमा (अध्यक्ष) | 13 मई 2025 |
| 5 | आम आदमी पार्टी (AAP) | श्री अरविंद केजरीवाल (राष्ट्रीय संयोजक) | 15 मई 2025 |

मान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के साथ बैठकें

| क्र. | राजनीतिक दल | प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व | बैठक की तिथि |
|---|---|---|---|
| 6 | ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस | सुश्री चंद्रिमा भट्टाचार्य (प्राधिकृत प्रतिनिधि) | 01 जुलाई 2025 |
| 7 | वाईएसआर कांग्रेस पार्टी | श्री वाई.वी. सुब्बा रेड्डी | 03 जुलाई 2025 |
| 8 | समाजवादी पार्टी | श्री रामगोपाल यादव (महासचिव) | 03 जुलाई 2025 |
| 9 | ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन | श्री असदुद्दीन ओवैसी (राष्ट्रीय अध्यक्ष) | 07 जुलाई 2025 |
| 10 | तेलुगु देशम पार्टी | श्री पल्ला श्रीनिवास राव (राज्य अध्यक्ष) | 15 जुलाई 2025 |
| 11 | द्रविड़ मुनेत्र कड़गम | श्री एन.आर. एलंगो | 17 जुलाई 2025 |
| 12 | मार्क्सवादी-लेनिनवादी कम्युनिस्ट पार्टी (लिबरेशन) | श्री संजय शर्मा (प्राधिकृत प्रतिनिधि) | 22 जुलाई 2025 |

13 टिपरा मोथा पार्टी श्री बृशकेतु देबबर्मा (महासचिव) 23 जुलाई 2025
14 ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम श्री शन्मुगम (प्राधिकृत प्रतिनिधि) 24 जुलाई 2025
15 शिवसेना श्री उदय सामंत 29 जुलाई 2025
16 जनता दल (यूनाइटेड) श्री अफाक अहमद खान (प्राधिकृत प्रतिनिधि) 31 जुलाई 2025

(अपूर्व कुमार सिंह)
सहायक निदेशक